दिनांकः 19.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार नारी उत्थान और वीरांगनाओं के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध।
- रक्षा बंधन पर आज प्रदेशभर में उल्लास–सावन के आखिरी सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़।
- देश में मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित–राज्यों को दिए गए सतर्कता बरतने के निर्देश।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बाद जनजीवन पटरी पर–पूर्वी जिलों में आज कहीं–कहीं हल्की वर्षा का पूर्वानुमान।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार नारी उत्थान के लिए पूर्णतः समर्पित है और प्रदेश की वीरांगनाओं और शहीदों के परिवार के समग्र कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने उनके निवास स्थान पर राखी बांधने आईं वीरांगनाओं और देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों के परिवारों की बेटियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उपखण्ड स्तर पर हर महीने नियमित रूप से वीरांगनाओं की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए, उन्हें विशेष उपहार भेंट किये। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी वीरांगनाओं और शहीद परिवारों के घरों पर राखी का उपहार भेजा जा रहा है। इसमें सम्मान स्वरूप मिठाई टोकरी के साथ शगुन राशि श्रीफल और शॉल प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेशभर की लगभग डेढ़ हजार वीरांगनाओं को रक्षा बंधन पर राज्य सरकार की ओर से ये सम्मान भेंट किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने वीरांगनाओं तक राज्य सरकार का ये उपहार पहुंचाया।

000

भाई–बहनों के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का त्यौहार आज पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना कर रही हैं। भाईयों की ओर से बहनों को रक्षा के वचन के साथ उपहार और शगुन देकर रस्म निभाई जा रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है।

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई–बहन के प्यार, स्नेह, कर्तव्य और दायित्वबोध का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने शुभकामना संदेश में लोगों के जीवन में सुख–समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है।

प्रदेशभर में रक्षा बंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार दोपहर तक भद्रा रहने से इसके बाद राखी बांधने का मुहुर्त शुभ बताया जा रहा है। बाजारों में राखी और मिठाई मेवे खरीदने को लेकर देर रात तक चहल पहल बनी रही। वहीं आज भी बाजार जल्दी खुल गए।

000

रक्षा बंधन पर सरहद पर तैनात जवानों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधने को लेकर भी कई संस्थाओं और संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गए हैं। बीकानेर में महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने बीएसएफ जवानों के राखी बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। जैसलमेर में भी विभिन्न संगठनों की ओर से भारत पाक सीमा पर तैनात जवानों को रक्षा सूत्र बांधे गए।

000

राजस्थान रोडवेज की ओर से रक्षा बंधन के अवसर पर आज महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात दी गई है। रोडवेज की विज्ञप्ति के अनुसार आज रात बारह बजे तक वॉल्वो और ए.सी. बसों को छोड़कर प्रदेश की सीमा में संचालित सभी रोडवेज बसों में ये सुविधा रहेगी। मुफ्त सफर का लाभ उठाने लिए तड़के से ही बस स्टेण्डों पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस प्रशासन सतर्कता बनाए हुए है। पुलिस गश्त बढाई गई है।

000

सावन महीने का आज आखिरी सोमवार है। रक्षा बंधन और सावन सोमवार एक ही दिन पड़ने से मंदिरों में भगवान शंकर का जलाभिषेक को लेकर भक्तों में विशेष उल्लास देखा जा रहा है। आज पवित्र सरोवरों से जल लाकर कावड़िए तड़के से ही भोलेनाथ का अनुष्ठान कर रहे हैं। आज सावन बीतने के साथ ही महीनेभर से चल रहीं कावड यात्राओं का दौर भी थम जाएगा। इससे पहले देर रात तक प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जयपुर के झाड़खंड महादेव और ताड़केश्वर महादेव सहित विभिन्न छोटे बडे शिव मंदिरों में आज भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार किया गया और महा आरती उतारी गई। गलता सरोवर में धार्मिक स्नान को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

000

देश में मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों और जनस्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा को लेकर कल नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक हुई। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने, प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने और इसकी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रधान सचिव ने बताया कि देश में इस बीमारी की जांच को लेकर प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। फिलहाल देश में मंकीपॉक्स की जांच के लिए 32 प्रयोगशालाएं हैं। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और इसके व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम भी कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्यू.एच.ओ. ने अफ्रीका के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मंकीपॉक्स के संक्रमण को देखते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वास्थ्य आपदा घोषित किया है।

000

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बाद प्रभावित जिलों में स्थिति सामान्य होने लगी हैं। पूर्वी जिलों में पानी उतरने के साथ ही जनजीवन पटरी पर लौट आया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी जिलों में बना परिसंचरण तंत्र का असर हल्का पड़ गया है। इस तंत्र के पाकिस्तान की ओर खिसकने से अगले कुछ दिनों तक तेज बारिश की गतिविधियों में कमी रहने की संभावना है। इस बीच, विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी और सीकर में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

000

आज संस्कृत दिवस है। ये दिन विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक संस्कृत के व्यापक प्रचार प्रसार और आमजन में इसके प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने संस्कृत दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं है बल्कि यह हमारे देश की गौरवमयी संस्कृति है। आकाशवाणी से अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत भाषा के श्लोक में दर्शन ज्ञान के साथ विज्ञान का भी अपूर्व भंडार है। उन्होंने संस्कृत भाषा के संरक्षण और इसके प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शेखावाटी अंचल को जल्दी ही यमुना का जल मिलने लगेगा। कल सीकर में मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में यमुना का जल पहुंचाने के लिए तीन दशक से अटके यमुना जल समझौता को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि उद्योग, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए पानी की आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी, देवास परियोजना, इंदिरा गांधी नहर और यमुना जल समझौता जैसे अहम कदमों से राज्य में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर एमओयू किए हैं, जिससे किसानों को दिन में आवश्यक बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक भेजे जा सकेंगे।

000